Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 29 अंक- 114 रायपुर, सोमवार 18 मई 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने डायल-112 की 400 वाहनों व 32 मोबाइल फॉरेंसिक वैन को दिखाई हरी झंडी

**'Science on Wheels – Towards Faster Justice' के साथ प्रदेश में त्वरित सहायता और वैज्ञानिक जांच व्यवस्था होगी सशक्त**

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह उपमुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, विधायकगण हुए शामिल**







**रायपुर, 18 मई (हाईवे चैनल)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज माना पुलिस परेड ग्राउंड, रायपुर में छत्तीसगढ़ पुलिस की अत्याधुनिक 'नेक्स्ट जेन सीजी डायल-112 सेवा' और मोबाइल फॉरेंसिक वैन का शुभारंभ किया. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 400 अत्याधुनिक डायल-112 वाहनों और 32 मोबाइल फॉरेंसिक वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, विधायकगण, जनप्रतिनिधिगण और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि 'एक्के नंबर, सब्बो बर' थीम पर आधारित यह आधुनिक सेवा पुलिस, अग्निशमन और चिकित्सा सेवाओं को एकीकृत करते हुए नागरिकों को एक ही नंबर पर त्वरित आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराएगी. इसके तहत शुरू किए गए 400 अत्याधुनिक वाहनों में स्मार्टफोन, जीपीएस, वायरलेस रेडियो, पीटीजेड कैमरा, डैश कैम, मोबाइल एनवीआर और सोलर बैकअप जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं. इन तकनीकों की मदद से घटनास्थल की लाइव मॉनिटरिंग, रियल-टाइम ट्रैकिंग और त्वरित संचार सुनिश्चित किया जा सकेगा। यह सेवा 24म7 संचालित होगी. इसमें जीआईएस आधारित मॉनिटरिंग, एडवांस व्हीकल ट्रैकिंग, एसआईपी ट्रंक टेक्नोलॉजी और स्वचालित कॉलर लोकेशन पहचान जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है. राज्य के सभी 33 जिला समन्वय केंद्रों को भी इस नेटवर्क से जोड़ा गया है. नागरिक वॉयस कॉल, एसएमएस, ईमेल, वेब पोर्टल, व्हाट्सएप, चैटबॉट और एसओएस-112 इंडिया ऐप के माध्यम से भी सहायता प्राप्त कर सकेंगे.

## 'एक्के नंबर, सब्बो बर' थीम पर आधारित सेवा से पुलिस, मेडिकल इमरजेंसी, आगजनी, सड़क दुर्घटना और आपदा जैसी हर स्थिति में मिलेगी त्वरित सहायता



'Science on Wheels – Towards Faster Justice' थीम पर आधारित 32 मोबाइल फॉरेंसिक वैन प्रदेश में अपराध अनुसंधान को नई दिशा देंगी. '32 वैन-32 जिले एक संकल्प: सटीक जांच, त्वरित न्याय' के उद्देश्य के साथ शुरू की गई यह पहल घटनास्थल पर ही प्रारंभिक वैज्ञानिक जांच की सुविधा उपलब्ध कराएगी।

लगभग 65 लाख रुपये प्रति यूनिट लागत वाली इन अत्याधुनिक वैन में घटनास्थल संरक्षण किट, साक्ष्य संग्रहण एवं सीलिंग उपकरण, फिंगरप्रिंट डिटेक्शन सिस्टम, नार्कोटिक्स परीक्षण किट, डिजिटल फॉरेंसिक सपोर्ट, उच्च गुणवत्ता फोटोग्राफी व्यवस्था, बुलेट होल स्क्रीनिंग एवं बैलिस्टिक जांच किट तथा गनशॉट रेजिड्यू (त्रस्क्र) परीक्षण किट जैसी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हैं। अब तक अपराध स्थल से साक्ष्य प्रयोगशालाओं तक पहुंचाने में समय लगता था, जिससे साक्ष्यों के दूषित होने की संभावना बनी रहती थी तथा रिपोर्ट आने में भी विलंब होता था।

### साक्ष्य आधारित न्याय व्यवस्था को मिलेगा नया बल

राज्य सरकार का उद्देश्य वैज्ञानिक जांच को जन-जन तक पहुंचाना, साक्ष्य आधारित न्याय प्रणाली को मजबूत करना, अपराध नियंत्रण में फॉरेंसिक विज्ञान की भूमिका को बढ़ाना तथा समयबद्ध, पारदर्शी और विश्वसनीय जांच सुनिश्चित करना है। आधुनिक डायल-112 सेवा और मोबाइल फॉरेंसिक वैन के संचालन से प्रदेश में आपातकालीन सेवाओं की गुणवत्ता में व्यापक सुधार होगा, अपराध अनुसंधान को नई गति मिलेगी और आम नागरिकों का कानून व्यवस्था और न्याय प्रणाली पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ होगा।

### बस्तर के नए अध्याय की शुरुआत जगदलपुर पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह

बस्तर दौरे के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज सोमवार को जगदलपुर पहुंचे। जहां उनका स्वागत किया गया। तैयारी का नेतानार स्थित सीआरपीएफ कैंप परिसर में नव संचालित शहीद गुंडाधुर सेवा डेरा का वन मंत्री केदार कश्यप, जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव तथा सांसद महेश कश्यप ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# डीएमएफ घोटाला: पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**इधर ईओडब्ल्यू ने पेश किया 5 हजार पन्नों का दूसरा पूरक चालान**



**रायपुर, 18 मई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित डीएमएफ घोटाला मामले में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को बड़ी राहत मिली है। इस मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आज टुटेजा को जमानत दी। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूरकांत जॉय माला बागची की कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। बता दें कि अनिल टुटेजा अभी रायपुर जेल में बंद हैं। वे 2 साल 4 महीने बाद मंगलवार को जेल से रिहा होंगे। वहीं इधर आज डीएमएफ घोटाला मामले में दूसरा पूरक चालान कोर्ट में पेश किया है। यह चालान पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और सतपाल सिंह छाबड़ा के खिलाफ एसीबी/ईओडब्ल्यू के विशेष न्यायाधीश की अदालत में प्रस्तुत किया गया।

जानकारी के अनुसार, जांच एजेंसी ने करीब 5 हजार पन्नों का पूरक चालान कोर्ट में जमा किया है। इसमें वित्तीय लेन-देन, दस्तावेजी साक्ष्य, बयान और जांच से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य शामिल बताए जा रहे हैं। ईओडब्ल्यू की ओर से की जा रही जांच में डीएमएफ फंड के उपयोग और कथित अनियमितताओं की गहन पड़ताल की जा रही है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में मामले में और भी खुलासे हो सकते हैं। गौरतलब है कि छस्न्न घोटाला प्रदेश के चर्चित मामलों में शामिल है और जांच एजेंसियां लगातार विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है।

छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से जारी की गई जानकारी के मुताबिक ईडी की रिपोर्ट के आधार पर ईओडब्ल्यू ने धारा 120 बी 420 के तहत केस दर्ज किया है। इस केस में यह तथ्य निकल कर सामने आया है कि डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फंड कोरबा के फंड से अलग-अलग टेंडर आवंटन में बड़े पैमाने पर आर्थिक अनियमितताएं की गई हैं। टेंडर भरने वालों को अवैध लाभ पहुंचाया गया। ईडी के तथ्यों के मुताबिक टेंडर करने वाले संजय शिंदे, अशोक कुमार अग्रवाल, मुकेश कुमार अग्रवाल, ऋषभ सोनी और बिचौलिए मनोज कुमार द्विवेदी, रवि शर्मा, पियूष सोनी, पियूष साहू, अब्दुल और शेखर नाम के लोगों के साथ मिलकर पैसे कमाए गए।

डिस्ट्रिक मिनरल फंड घोटाला मामले में कलेक्टर को 40 प्रतिशत, सीईओ 5 प्रतिशत, एसडीओ 3 प्रतिशत और सब इंजीनियर को 2 प्रतिशत कमीशन मिला। डीएमएफ के वर्क प्रोजेक्ट में करप्शन के लिए फंड खर्च के नियमों को बदला गया था।

# वीडी सतीशन बने केरल के मुख्यमंत्री



**60 साल में पहली बार पूरी कैबिनेट की शपथ, छह पार्टियों के 21 मंत्री शामिल**

**नई दिल्ली, 18 मई (न्यूज चैनल)।** वीडी सतीशन ने केरल के सीएम पद की शपथ ले ली है। राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री समेत कई शीर्ष नेता मौजूद रहे।

वीडी सतीशन का शपथ ग्रहण समारोह तिरुवनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में हुआ। सीएम के साथ ही उनकी पूरी कैबिनेट ने भी आज ही शपथ ली। सीएम वीडी सतीशन ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि 60 साल बाद यूडीएफ की पूरी कैबिनेट ने एक साथ शपथ ली। सतीशन की कैबिनेट में 20 मंत्रियों को शामिल किया गया है और सोमवार को ही उन्हें राज्यपाल द्वारा शपथ दिलाई गई। कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के अलावा राज्य के पूर्व सीएम और वामपंथी नेता पिनाराई विजयन, भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखरन भी सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ता राज्य के विभिन्न हिस्सों से राज्य की राजधानी पहुंचे हैं।

## ब्रेकिंग न्यूज

### महाराष्ट्र विधानसभा की 16 सीटों पर चुनाव का ऐलान, 18 जून को डाले जाएंगे वोट

**नई दिल्ली, 18 मई (न्यूज चैनल)।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने सोमवार (18 मई) को महाराष्ट्र विधान परिषद की 16 सीटों के लिए चुनाव की घोषणा की। मतदान 18 जून को होगा और मतगणना 22 जून को होगी। आयोग ने बताया कि महाराष्ट्र के 16 स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों का कार्यकाल 2022 और 2025 के बीच अलग-अलग समय पर समाप्त हो गया था। हालांकि, स्थानीय निकायों के कामकाज से संबंधित अनिवार्य मानदंडों की पूर्ति न होने और मतदाताओं की उपलब्धता न होने के कारण पहले चुनाव नहीं कराए जा सके। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, चुनाव की आधिकारिक अधिसूचना 25 मई, 2026 को जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 1 जून है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 2 जून को होगी। उम्मीदवार 4 जून तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। सभी 16 सीटों के लिए मतदान 18 जून को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। पूरी चुनाव प्रक्रिया 25 जून तक पूरी होने की उम्मीद है। चुनाव आयोग ने यह भी घोषणा की है कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।




**चूहा- सुनती हो, पंचायतों पर अब सरंपच पति के दखल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।**

**चुहिया- हां जी, ये प्रतिबंध कागज तक ही होते है बाकी सरपंच पति के हौसले बुलंद हैं।**

## पूर्व विस अध्यक्ष कौशिक की बाइक सवारों ने लूटी मोबाइल, मॉर्निंग वॉक के दौरान हुई घटना



**रायपुर, 18 मई (हाईवे चैनल)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे के मद्देनजर राजधानी रायपुर में हाई अलर्ट के बीच पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक के साथ लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जिसमें बाइक सवार लुटेरे मोबाइल छीनकर फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक सुबह करीब 8 बजे घर से टहलने निकले थे. इसी दौरान भारत माता चौक, शंकर नगर के पास बाइक सवार लुटेरे मोबाइल झपटकर फरार हो गए. घटना के बाद कौशिक ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी. सिविल लाइन थाना क्षेत्र की घटित घटना के बाद पुलिस आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### डायल 112, चोर 9-2-11: पूर्व सीएम भूपेश ने लूट पर सरकार को घेरा

केंद्रीय गृहमंत्री शाह के छत्तीसगढ़ दौरे के बीच राजधानी रायपुर में सोमवार सुबह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक के साथ मोबाइल लूट की घटना पर राजनीति शुरू हो गई है. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया. उन्होंने मुख्यमंत्री साय के डायल 112 की 400 वाहनों के फ्लैग ऑफ के दौरान की तस्वीर साझा की और कहा कि आप डायल 112 को हरी झंडी दिखाते रहिए, उधर धरमलाल कौशिक का मोबाइल छिनकर चोर 9-2-11 हो गए हैं।

### पीडब्ल्यूडी में करोड़ों के भुगतान को लेकर बवाल

## ठेकेदार पक्ष पर लेखापाल से मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप, एफआईआर दर्ज



**कांकेर, 18 मई (हाईवे चैनल)।** भानुप्रतापपुर में लोक निर्माण विभाग से जुड़े करोड़ों रुपये के भुगतान, कथित कमीशनखोरी और कर्मचारी से मारपीट का मामला सुर्खियों में है। सड़क निर्माण कंपनी और विभागीय कर्मचारी के बीच शुरू हुआ विवाद पुलिस जांच तक पहुंच गया है। 4 करोड़ 65 लाख रुपये के भुगतान को लेकर उठे विवाद के बीच पीडब्ल्यूडी के संभागीय लेखापाल सूरज कुमार ने ठेकेदार पक्ष पर घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। वहीं केएलए कंपनी के संचालक पवन अग्रवाल ने एसडीओपी कार्यालय में शिकायत देकर विभागीय कर्मचारी पर कमीशन मांगने और भुगतान रोकने का आरोप लगाया है। लेखापाल की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

जानकारी के अनुसार, अंतागढ़ से नारायणपुर तक सड़क निर्माण कार्य कर रही केएलए कंपनी के संचालकों ने पीडब्ल्यूडी संभाग भानुप्रतापपुर में पदस्थ संभागीय लेखापाल सूरज कुमार पर 10 लाख रुपये कमीशन मांगने और करीब 4 करोड़ 65 लाख रुपये का भुगतान रोकने का आरोप लगाया। साथ ही कंपनी संचालक पवन अग्रवाल ने एसडीओपी कार्यालय में कमीशन मांगने और भुगतान लटकाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। पीडब्ल्यूडी भानुप्रतापपुर में पदस्थ संभागीय लेखापाल सूरज कुमार ने भानुप्रतापपुर थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह पिछले तीन वर्षों से लोक निर्माण विभाग में कार्यरत हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि 7 मई 2026 को फर्म कन्हैया लाल अग्रवाल के पार्टनर नवीन अग्रवाल ने उनके घर की बाउंड्री के अंदर घुसकर गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों व लात से मारपीट की।

## साइबर ठगी के स्लीपर सेल नेटवर्क का खुलासा, पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बिलासपुर, 18 मई (हाईवे चैनल)।** साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत तारबाहर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने म्यूल अकाउंट सिंडिकेट संचालित करने वाले तीन आरोपियों को अंबिकापुर से गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी साइबर ठगी में इस्तेमाल होने वाले बैंक खातों को कमीशन के बदले साइबर गिरोहों को उपलब्ध कराते थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नवनीत मिश्रा उर्फ विक्की पंडित, ऋषभ साहू और राजा घरानी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन जब्त किए हैं, जिनकी तकनीकी जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार यह नेटवर्क साइबर अपराधियों के लिए स्लीपर सेल की तरह काम कर रहा था। आरोपी सामान्य लोगों के बैंक खाते कमीशन के एवज में लेकर उन्हें साइबर ठगी करने वाले गिरोहों तक पहुंचाते थे। इन खातों का इस्तेमाल देशभर में ठगी की रकम ट्रांसफर करने और नकदी निकालने के लिए किया जाता था। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी व्हाट्सएप और मोबाइल फोन के जरिए बैंक खातों की जानकारी एक-दूसरे से साझा करते थे।

## रायपुर-बलौदाबाजार रोड बनेगा फोरलेन, डीपीआर तैयार, 1500 करोड़ होंगे खर्च



**रायपुर, 18 मई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ में रायपुर से बलौदाबबाजार और सारंगढ़ तक जाने वाले यात्रियों को जाम से राहत मिल सकती है. रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग के फोरलेन चौड़ीकरण का डीपीआर तैयार कर लिया गया है. नेशनल हाईवे विभाग लगभग 1500 करोड़ रुपए की लागत से इस प्रोजेक्ट पर खर्च करेगा. दो फेज में फोनलेन चौड़ीकरण का काम किया जाएगा। इससे 1 से सवा घंटे तक लोगों के समय की बचत होगी। जानकारी के मुताबिक, पहले चरण में धनेली से पुराना विधानसभा तक 11.610 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा. इस हिस्से के लिए 500 करोड़ रुपए का बजट तय किया गया है. दूसरे चरण में विधानसभा से पलारी तक करीब 72 किलोमीटर सड़क फोरलेन बनेगी, जिस पर 1050 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। परियोजना के तहत सड़क को केवल फोरलेन ही नहीं बनाया जाएगा, बल्कि कई हिस्सों में सर्विस लेन भी तैयार की जाएगी. इसके अलावा चार बड़े फ्लाईओवर और कई ओवरब्रिज बनाए जाएंगे, जिससे शहर और गांवों के बीच यातायात अधिक सुगम हो सकेगा. रायपुर-बलौदाबाजार-सारंगढ़ मार्ग फोरलेन बनने से जाम और हादसे कम होंगे. भारी वाहनों के लिए अलग लेन मिलेगी. सीमेंट उद्योग को फायदा होगा, माल परिवहन आसान होगा और स्थानीय व्यापार-रोजगार बढ़ने की संभावना है।

नरदहा चौक पर 200 मीटर हिस्से को छोड़कर सिक्स लेन फ्लाईओवर और धनेली चौक पर पुराने ब्रिज को तोड़कर फ्लाईओवर, धनेली गांव में नया फ्लाईओवर बनाया जाएगा. टेकारी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज और बरौदा गांव में ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। नेशनल हाईवे के चीफ इंजीनियर ज्ञानेश्वर कश्यप ने कहा कि रायपुर-बलौदाबाजार चौड़ीकरण दो चरणों में होगा. इसके लिए 1500 करोड़ रुपए का डीपीआर तैयार हो चुका है. पूरी ड्राइंग डिजाइन दिल्ली मुख्यालय भेजी जाएगी. यदि किसी सुधार की आवश्यकता होगी तो उसे किया जाएगा, अन्यथा जल्द ही चौड़ीकरण शुरू होगा।

## नेशनल हाईवे पर बस हादसा, शिक्षिका की हुई मौके पर मौत, 15 यात्री घायल



**जगदलपुर, 18 मई (हाईवे चैनल)।** नेशनल हाइवे-30 पर हुए सड़क हादसे में बस में सवार शिक्षिका की जहां मौके पर मौत हो गई, वहीं 15 यात्री घायल हो गए. घटना के बाद जेसीबी से बस को हटाकर यातायात बहाल किया गया. पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, रायपुर से कोंटा जा रही रॉयल ट्रेवल्स की बस बालेंगा कोसा सेंटर के पास अनियंत्रित होकर पलट गई. हादसे में कवर्धा निवासी दोरनापाल में पदस्थ शिक्षिका पद्मनी चंद्रवंशी की मौके पर मौत हो गई, जबकि 15 यात्री घायल हुए हैं. घायलों को 108 एंबुलेंस और निजी वाहनों से डिमरापाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।